Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for construction of Kisan Bhawan in all District Headquarters in the country.

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक बड़े गंभीर विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। पूरे देश में किसानों की समस्याओं का धीरे-धीरे समाधान हो रहा है, माननीय मोदी जी ने उनकी समस्याओं का समाधान किया है। लोक सभा का यह ऐतिहासिक पल और ऐतिहासिक क्षण चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता गांवों में रहती है और वे लोग जरूरी काम से शहर में आते हैं। वे चाहे अस्पताल में इलाज के लिए आएं, दीवानी, कलेक्ट्री, कचहरी या राजनैतिक लोगों से मिलने के लिए शहरों में आते हैं, तो उनको वहां ठहरने में बहुत दिक्कत आती है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि देश के सभी जिला मुख्यालयों पर एक किसान भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे गांवों से आने वाली जनता को शहरों में रुकने की व्यवस्था हो, जहां वे सस्ते में खा सकें एवं रह सकें। ऐसी व्यवस्था सरकार की ओर से पूरे जिला मुख्यालयों में की जाए। यह मेरा आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्रीमती रेखा अरुण वर्मा को श्री राजकुमार चाहर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री गोपाल शेट्टी – उपस्थित नहीं।

श्री सतीश कुमार गौतम जी।